हिन्दुस्तान

जलमार्ग प्राधिकरण के लिए सीईओ तय

तैयारी



परिवहन आयुक्त को मिलेगी जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राधिकरण अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी जलमार्ग क्षेत्र के ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ को दी जानी चाहिए। प्रदेश के परिवहन आयुक्त को इसका सीईओ नामित किया जाए।

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन शीघ्र किया जाए। परिवहन आयुक्त को इस जलमार्ग प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नामित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश रविवार को उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन के बाबत हुई बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि यह प्राधिकरण नोडल अर्थॉरिटी के रूप में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ समन्वय का कार्य करेगा। प्राधिकरण द्वारा अंतर्देशीय जल परिवहन एवं पर्यटन संबंधित सभी गतिविधियों का रेगुलेशन किया जाएगा। वहीं प्राधिकरण द्वारा अंतर्देशीय जल यातायात डेटा का अध्ययन एवं विश्लेषण किया जाना चाहिए। अंतर्देशीय जल परिवहन, पर्यटन एवं शिपिंग तथा नेविगेशन संबंधित गतिविधियों के संबंध में वैज्ञानिक अनुसंधान किया जाए। अंतर्देशीय जल परिवहन से संबंधित स्टेकहोल्डर्स एवं अधिकारियों/कर्मचारियों का तकनीकी प्रशिक्षण भी कराया जाए। जल परिवहन के अन्य परिवहन साधनों के साथ समन्वयन तथा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप एवं निजी भागीदारी प्रोत्साहित करने का भी कार्य किया जाएगा।